प्रोग्राम संबंधित आउटकम

Programme Learning Outcome

प्रोग्राम	प्रोग्राम संबंधित आउटकम	शिक्षण अधिगम प्रक्रिया
एम.ए (हिन्दी)	1. इस पाठ्यक्रम के माध्यम से सीखने-सिखाने की प्रक्रिया में हिंदी भाषा के प्रारंभिक स्तर से अब तक के बदलते रूपों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकेगी। 2. भाषा के सैद्धांतिक रूप के साथ-साथ व्यावहारिक पक्ष को भी जाना जा सकेगा. 3. उच्च शैक्षिक स्तर पर हिंदी भाषा किस प्रकार महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है, इससे संबंधित परिणाम को प्राप्त किया जा सकेगा। 4. छात्र अपनी भाषा को सीखने की प्रक्रिया में भाषागत मूल्यों को व्यावहारिक रूप से भी जान सकेंगे। 5. व्यावसायिक क्षमता को बढ़ावा देने के लिए भाषा, अनुवाद, कंप्यूटर जैसे विषयों को हिंदी से जोड़कर पढ़ाना, जिससे बाजार के लिए आवश्यक योग्यता का भी विकास किया जा सके। 6. हिंदी के अतिरिक्त भारतीय साहित्य का ज्ञान भी अपेक्षित रहेगा जो छात्रों के व्यक्तित्व विकास में सहायक होगा तथा अभिव्यक्ति क्षमता का विकास भी किया जा सकेगा।	• कक्षा व्याख्यान • सामूहिक चर्चा • विभागीय व्याख्यान • आंतरिक मूल्यांकन • फिल्म स्क्रीनिंग • प्रोजेक्ट निर्माण • प्रश्नोत्तरी • कार्यशाला • साहित्यिक यात्रा • लिखित परीक्षा

	7. साहित्य के सौंदर्य, कलाबोध के साथ वैचारिक मूल्यों को बढ़ावा देना। 8. साहित्य की विधाओं के माध्यम से विद्यार्थी की रचनात्मकता को दिशा देना। कविता, कहानी और नाटक जैसी विधाओं द्वारा विद्यार्थी की रचनात्मकता को प्रोत्साहित करना। 9. साहित्य के आदिकालीन संदर्भों से लेकर समकालीन रूप तक से परिचित कराना, जिससे विद्यार्थी साहित्यकार और युगबोध के संबंध को परख कर पहचान सके। 10. साहित्य विवेक का निर्माण करते हुए सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में हिंदी के दखल की जानकारी देकर मीडिया के प्रति आस्वादन का निर्माण करना। 11. प्राचीन एवं नवीन भारतीय एवं पाश्चात्य सौन्दर्य सिद्धांतों तथा काव्यशास्त्रीय प्रतिमानों का अध्ययन, विश्लेषण करने की क्षमता विकसित होगी।	